Nagarjuna Degree College
38/36, Ramagondanahalli,
Yelahanka Hobli,
Bengaluru - 560 064.

AECC04.5

Reg. No. | | | | | | | | |

I Semester BCA/B.Sc(FAD) B.S.I.D. Degree Examination, March/April - 2023

# LANGUAGE HINDI (AECC)

## Nibandh Alekhan, Tippan aur Pratívedan

(NEP Semester Scheme Freshers and Repeaters 2021-2022 Onwards)

Paper : I

Time : 2½ Hours | Maximum Marks : 60

**I. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक शब्द या वाक्य में लिखिए।** (10×1=10)

1) हिन्दुस्तानी यूरोपियन क्या पहनते हैं?
2) "जिन्दगी की सबसे बड़ी सफलता हिम्मत है।" किसने कहा था?
3) लड़की कहाँ पढ़ाती है?
4) लोक मानस के राजा कौन हैं?
5) वैज्ञानिक सभ्यता का निर्माण किसने किया?
6) 'भारतीय संस्कृति' पाठ के लेखक कौन हैं?
7) बीरबल किसका मन बहलाता था?
8) मित्र को किसके समान होना चाहिए?
9) प्रजातंत्र का क्या अर्थ है?
10) राजा राम के अंगरक्षक कौन हैं?

**II. निम्नलिखित अवतरणों में से किन्ही दो का संदर्भ सहित व्याख्या कीजिए।** (2×7=14)

1) "काम की बातों से काम का पता चलता है, आदमी का नही।"
2) "एक दिन भगवान बुद्ध राज्य-संपदा का त्याग करके तपस्या करने बैठे थे, उसके पीछे समस्त मानव जाति के दुख मोचन का संकल्प था।"
3) "यह एक देश नहीं, अनेक देशों का समूह है, यह एक जाति नहीं, अनेक जातियों का समूह है तो इसमें आश्चर्य की बात नहीं।"

[P.T.O.

III. 'बुद्धदेव' पाठ के आधार पर बुद्ध के त्यागमय जीवन पर अपने विचार स्पष्ट कीजिए। (1×16=16)

**(अथवा)**

'गपशप' पाठ का सारांश लिखकर उसकी विशेषताएँ लिखिए।

**IV. किसी एक विषय पर टिप्पणी लिखिए।** (1×5=5)

1) मानसिक पराधीनता।

2) हिम्मत और जिन्दगी।

**V. किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लिखिए।** (2×4=8)

1) टिप्पण की परिभाषा देते हुए सोदाहरण स्पष्ट कीजिए।

2) आलेखन कितने प्रकार के होते हैं? उदाहरण सहित लिखिए।

3) अपने महाविद्यालय में आयोजित हुए भाषा दिवस का विवरण देते हुए प्रतिवेदन तैयार कीजिए।

**VI. निम्नलिखित गद्यांश का उचित शीर्षक देते हुए एक तिहाई शब्दों में संक्षिप्तीकरण कीजिए।** (1×7=7)

देश की स्वतंत्रता के बाद देश के सामने राष्ट्रभाषा का विचार था। देश का नया संविधान बनाया गया। सबसे पहले राष्ट्रभाषा का चुनाव करना था। सभी भारतीय भाषा का मूल्यांकन हुआ। अनेक प्रांत भाषाई आधार पर बनें। हमा संविधान में मातृभाषा एवं राष्ट्रभाषा दोनों के लिए स्थान है। भारत की लगभग साठ प्रतिशत जनसंख्या के बोलचाल क भाषा हिंदी है। इसलिए हिंदी को राष्ट्रभाषा के रूप में पहचान दिलाने का प्रयास जारी है। भारतीय भाषाओं के साहित्य व हिंदी में अनुवाद के द्वारा पढ़ने के लिए अनुवाद कार्य को आगे बढ़ाया जा रहा है।